भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1223

जिसका उत्तर 29.07.2026 को दिया जाना है

असम में नए राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण

1223. श्री रवंगवरा नारजारी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय ने पिछले तीन वर्षों में असम में नए राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया है और असम के आर्थिक दृष्टिकोण से राष्ट्रीय राजमार्ग का क्या प्रभाव रहा है;

(ख) क्या मंत्रालय के पास असम में भारत-भूटान सीमा के साथ कोकराझार ज़िले में जोमदुआर से उदालगुड़ी जिले में बैरबकुंडा तक नया राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने/बनाने का कोई प्रस्ताव है;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं; और

(ड) असम के राकलडुबी में, जहाँ राष्ट्रीय राजमार्ग 31सी, राष्ट्रीय राजमार्ग 31 से जुड़ता है, बनने वाले फ्लाईओवर की वर्तमान स्थिति और वित्तीय स्थिति क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय को असम राज्य सहित विभिन्न राज्य सरकारों और संघ राज्य क्षेत्रों से राज्य की सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में घोषित करने या उन्नयन के लिए प्रस्ताव प्राप्त होते हैं। संपर्कता की आवश्यकताओं, यातायात सघनता और पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) के साथ तालमेल के आधार पर समय-समय पर ऐसे प्रस्तावों पर विचार किया जाता है। विगत तीन वर्षों के दौरान असम राज्य में कोई नया राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित नहीं किया गया है।

(ङ) असम के राकलडुबी में पूर्ववर्ती एनएच-31सी (अब एनएच-117) और पूर्ववर्ती एनएच-31 (अब एनएच-27) के जंक्शन पर ट्रम्पेट इंटरचेंज के साथ वाहन अंडरपास (वीयूपी), राकलडुबी जंक्शन (हापचारा शहर) से तुलुंगिया शहर तक एनएच-117 के 4-लेन का हिस्सा है, जिसकी लंबाई 14.66 किमी है। वीयूपी संरचना पूरी हो चुकी है, जबकि इसके संपर्क मार्ग और ट्रम्पेट इंटरचेंज का निर्माण प्रगति पर है। आज की तारीख तक, परियोजना की समग्र वास्तविक और वित्तीय प्रगति क्रमशः लगभग 98% और 93% है।

*****